POLICE COMMISSIONERATE

GAUTAM BUDH NAGAR

सराहनीय कार्य/ प्रेस विज्ञप्ति – दिनाकं 09.04.2024

1.थाना सेक्टर-63 नोएडा पुलिस एवं अपराध शाखा द्वारा संयुक्त रूप से कार्यवाही करते हुए जमीन के फर्जी एवं कूटरचित दस्तावेज तैयार कर करोड़ो रूपये की धोखाधडी करने वाला वांछित अभियुक्त गिरफ्तार।

घटना का संक्षिप्त विवरण-- दिनांक 06.12.2023 को थाना सेक्टर-63 पर वादी निवासी सेक्टर-50 व अन्य की तहरीर के आधार पर अभियुक्त सचिन भाटी पुत्र बीएस भाटी निवासी गामा-2, ग्रेटर नोएडा आदि 16 अभियुक्तों द्वारा एक राय होकर वादी व वादी के साथियों को विश्वास मे लेकर जेवर एयरपोर्ट के पास जमीन दिखाकर धोखाधडी कर जमीन के फर्जी एवं कूटरचित दस्तावेज तैयार कर देना व बाद में न तो जमीन देना और न ही पैसे वापस देना तथा पैसे मांगने पर जान से मारने की धमकी देने के सम्बन्ध में थाना सेक्टर-63, नोएडा पर मु0अ0सं0 569/2023 धारा 420/406/467/468/471/120बी/506/34 भादवि बनाम सचिन भाटी आदि 16 नफर अभियुक्त पंजीकृत किया गया।

कार्यवाही का विवरण-- दिनांक 09.04.2024 को थाना सेक्टर-63, नोएडा पुलिस एवं अपराध शाखा द्वारा संयुक्त रूप से कार्यवाही करते हुए विवेचनात्मक कार्यवाही के दौरान लोकल इंटेलीजेंस की सहायता से उक्त मुकदमें में नामित/वांछित अभियुक्त ऋषिपाल सिंह पुत्र कवरसैन को अभियुक्त के निवास स्थान ग्राम सोरखा से **गिरफ्तार** किया गया है।
उक्त मुकदमें में कुल 16 अभियुक्त नामजद थे। विवेचनात्मक कार्यवाही के दौरान 05 अन्य अभियुक्त भी प्रकाश में आये। अभी तक कुल 21 अभियुक्तों में से उक्त मुकदमें में नामित अभियुक्त 1-आकिल पुत्र ताहिर खान 2-इरशाद पुत्र शहजाद 3-तारीकत पुत्र केहर खान निवासीगण ग्राम मेंहदीपुर बांगर, थाना जेवर, नोएडा एवं प्रकाश में आये अभियुक्त 4-नजाकत उर्फ भोला पुत्र जाकिर निवासी उपरोक्त को गिरफ्तार कर पूर्व में जेल भेजा जा चुका है।

गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण--

1. ऋषिपाल सिंह पुत्र कवरसैन निवासी ग्राम सोरखा, थाना सेक्टर-113, नोएडा (उम्र 46 वर्ष)।

पंजीकृत अभियोग का विवरण--

1. मु0अ0सं0 569/2023 धारा 420/406/467/468/471/120बी/506/34 भादवि थाना सेक्टर-63, नोएडा।